प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांक : 02.10.2025 समय : 01:00 पी.एम.

00000

प्रदेशभर में आज से सहकार सदस्यता अभियान की शुरूआत हुई। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जयपुर के कॉन्सटीट्यूट क्लब से इस अभियान की शुरूआत की। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि सहकारिता से समृद्धि केवल नारा नहीं है सहकारिता किसान की सृमद्धि का एक रास्ता है।

.......

15 अक्टूबर तक चलने वाले इस अभियान का उद्देश्य सहकारी क्षेत्रों को मजबूत बनाना और सहकार से सृमद्धि के विजन को साकार करना है। इस अभियान के तहत राज्य में 8 हजार 200 से अधिक पैक्स स्तर पर शिविर आयोजित किये जायेंगे, जिनमें मुख्य रूप से पांच प्रकार की गतिविधियां होंगी। इस दौरान महिलाओं और युवाओं को सहकारी समितियों से जोड़ने पर विशेष रूप से ध्यान दिया जाएगा। जिलों के प्रभारी अधिकारियों को इस अभियान की मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए गए। बारां और सवाई–माधोपुर जिले में सहकार सदस्यता अभियान के तहत आज विभिन्न शाखा की समितियों में शिविरों का आयोजन किया जा रहा है।

00000

प्रदेशभर में विजय दशमी का पर्व आज आस्था और उल्लास से मनाया जा रहा है। दशहरे को देखते हुए प्रदेशभर में सुरक्षा और यातायात के विशेष प्रबंध किये गये है। राजधानी जयपुर में जगह–जगह होने वाले रावण दहन को देखते हुए यातायात की विशेष व्यवस्था की गई है। कोटा के दशहरा मैदान में प्रदेश के सबसे बडे 215 फीट के रावण का दहन किया जायेगा। रावण दहन में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के साथ ही मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा भी मौजूद रहेंगे। कोटा में ही जेठी समाज की ओर से किशोरपुरा अखाडे में मिट्टी से बने रावण को पैरों से रोंदा जायेगा। सवाईमाधोपुर में दशहरे मेले के दौरान कवि सम्मेलन आयोजित किया जायेगा। जिसमें देशभर के ख्यातनाम कवि शामिल होंगे।

00000

ग्रामीण विकास मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल ने कल जयपुर के इंदिरा गांधी पंचायती राज सस्थान में सुमंगल दीपावली मेला–2025 का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि यह मेला स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं के हुनर और आत्मनिर्भरता का प्रतीक है। यह आयोजन केवल एक उत्सव नहीं बल्कि ग्रामीण जीवन, कला, संस्कृति और महिला सशक्तीकरण का एक सशक्त मंच है। 12 अक्टूबर तक चलने वाले इस मेले में ब्लू पॉटरी, सांगानेरी और बगरू प्रिंट, कोटा डोरिया साड़ी, लाख की चूड़ियाँ, मीनाकारी तथा मोलेला पॉटरी, अचार, नमकीन, टेराकोटा, जूट उत्पाद, तीर–कमान, सॉफ्ट टॉयज और खाने की स्टॉल्स लगाई गई है।

00000

देश आज राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर उन्हें श्रद्धा–सुमन अर्पित कर रहा है। राजधानी दिल्ली में राजघाट पर बापू की समाधि पर सर्व धर्म प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने आज सुबह महात्मा गांधी की समाधि पर पुष्पांजलि अर्पित की। महात्मा गांधी जयंती के उपलक्ष्य में आज अंतर्राष्ट्रीय अहिंसा दिवस भी मनाया जा रहा है।राज्यपाल हरिभाऊ बागडे और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर महापुरूषों को नमन किया है। मुख्यमंत्री ने सचिवालय पंहुचकर गांधी जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किये और सर्व धर्म प्रार्थना सभा में हिस्सा लिया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचन्द बैरवा भी मौजूद रहे।

0000

देश के प्रख्यात शास्त्रीय गायक पद्मविभूषण पंडित छन्नूलाल मिश्र का आज सुबह वाराणसी में निधन हो गया। वे 89 वर्ष के थे। श्री मिश्र के निधन पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने गहरा शोक व्यक्त किया है। राष्ट्रपति ने श्री मिश्र के निधन को भारतीय संगीत की अपूरणीय क्षति बताया है।

00000

प्रदेशभर में आज से 71वां वन्यजीव संरक्षण सप्ताह शुरू हो गया है। सप्ताह के दौरान जयपुर के झालाना, आमागढ़, हाथी गांव और जयपुर चिड़ियाघर में "स्वच्छ एवं हरित अभयारण्य अभियान" चलाया जाएगा। जैसलमेर में अभियान के तहत आज सुबह प्रभात फैरी निकालकर वन्य जीव संरक्षण का संदेश दिया गया। भरतपुर के केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान में स्वच्छता अभियान चलाया गया, जिसमें लोगो को वन्य जीव उद्यानों को स्वच्छ रखने के लिए जागरूक किया गया। इस अवसर पर सवाईमाधोपुर में भी विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। करौली के कैला देवी वन्य जीव अभ्यारण में इस सप्ताह कई गतिविधियां आयोजित की जाएगी।

00000

प्रदेशभर में मानसून के बाद भी बारिश का दौर बना हुआ है। मौसम विभाग ने आज प्रदेश के 24 जिलों में तेज बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है। विभाग ने जयपुर सहित हनुमानगढ़, चूरू, सीकर, झुंझुनूं, अलवर, दौसा, भरतपुर, धौलपुर, करौली, सवाई माधोपुर, अजमेर, नागौर, टोंक, भीलवाड़ा, बूंदी, उदयपुर, डूंगरपुर, जोधपुर, पाली, सिरोही, राजसमंद, जालोर और बाड़मेर जिलों में बारिश की संभावना जताई गई है।

**00000**